
हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025



**तालाब के बीचों-बीच विराजित है शिवलिंग:** नगर स्थित जलेश्वर महादेव मंदिर जिसमें तालाब के बीचों-बीच विशालकाय शिवलिंग स्थापित है। दशौंदी तालाब के बीचों बीच स्थित शिवलिंग में बड़े रूप में नंदी जी विराजे हैं, जहां प्राकृतिक मनोरम दृश्य तालाब का स्वच्छ पानी के साथ तालाब में स्थित मछलियां व कछुए के रूप मे देखने को ▸▸शेष पेज 12 पर



### कमरौद में है भू-फोड़ दक्षिण मुखी हनुमान जी की प्रतिमा



ग्राम कमरौद में भू–फोड़ दक्षिण मुखी हनुमान जी की प्रतिमा स्थित है। श्रद्धालुगण अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर मंदिर में विभिन्न निर्माण कार्य करा रहे हैं। आरंभ में हनुमान जी की प्रतिमा कवेलुनुमा मंदिर में थी। हनुमान जी की कृपा से भक्तों द्वारा कराए कार्यों के बाद भक्तों ने उस कवेलुनुमा मंदिर के स्थान पर आज विशाल भव्य मंदिर का निर्माण कराया है। भक्तों ने मंदिर के सामने विशाल शेड का निर्माण भी कराया है। जहां मंदिर परिसर में भक्तों को पंचमुखी हनुमान जी के दर्शन के साथ ही परिसर में स्थित शिवलिंग व मां कंकालिन की विशाल प्रतिमा के दर्शन होते हैं।

# शिव-शक्ति के विवाह का पर्व महाशिवरात्रि आज
# शिवालयों में होगी ॐ नमः शिवाय की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

आज महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा व उत्साह से मनाया जाएगा। इसके लिए जिले के शिव मंदिरों में भगवान शिव के भक्तों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत मंदिरों की साफ सफाई व साज सज्जा मंदिर समितियों द्वारा की गई है। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही शिवजी के साथ शक्ति का विवाह हुआ था। इसी दिन शिवजी ने वैराग्य ▸▸शेष पेज 12 पर

## जिले के जगह-जगह होंगे विविध कार्यक्रम, मंदिरों में तैयारियां पूरी



### खारुन नदी के उद्गम स्थल पर विराजी हैं माँ कंकालीन

जिले के गुरुर ब्लॉक में स्थित वनांचल ग्राम कंकालीन में माँ कंकालिन का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है, जहाँ खारुन नदी के उद्गम स्थल में माँ कंकालीन माता विराजमान हैं। यहाँ पर प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पावन पर्व धूमधाम से मनाया ▸▸शेष पेज 12 पर



### इन मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन

जिले के कमरौद स्थित भू फोड़ हनुमान मंदिर, ग्राम परेंगुड़ा स्थित भोला पठार, गंजपारा बालोद स्थित जलेश्वर मंदिर, चौरेल स्थित प्राचीन शिव मंदिर, नारागाँव स्थित सियादेवी मंदिर, बोड़की स्थित प्राचीन शिव–हनुमान मंदिर व ग्राम भोथली स्थित बूढ़ादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा की जाएगी। जहाँ पर भव्य मेले का आयोजन का भी किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित मेले श्रद्धालुओं के प्रमुख आकर्षक का केंद्र होंगे। इसके लिए महाशिवरात्रि को ध्यान में रखकर मंदिर समितियों द्वारा अपनी तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

## खबर संक्षेप

### मतदान सामग्री जमा कर घर लौट रहे दो कर्मचारी घायल



**बालोद।** बालोद–दल्ली मुख्य मार्ग पर पर्यावरण पार्क के पास बाइक से गिरकर दो कर्मचारी घायल हो गए। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान केंद्र में लगी थी। मतदान सामग्री जमा करने के बाद सोमवार की सुबह 5 बजे घर वापस लौट रहे थे, तभी यह घटना घट गई। बाइक सवार बालोद से दल्लीराजहरा की ओर जा रहे थे। घायलों ने इस सम्बन्ध में बालोद थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### शहर में चला सफाई अभियान



**बालोद।** वार्ड नंबर 12 गंजपारा स्थित मंडी से लेकर गजानंद राइस मिल के आगे तक नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा जेसीबी व ट्रैक्टर की मदद से कूड़े कचरों की सफाई की गई। शहर में वर्तमान में हुए नपा अध्यक्ष व पार्षदों के चुनाव के बाद जनप्रतिनिधि शहर में साफ सफाई व अन्य कार्यों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी अपने वादों को पूरा करने के प्रयास में लगे हुए दिख रहे हैं। अध्यक्ष के साथ पार्षद भी चुनाव के बाद अपने वार्डों में जाकर चुनाव के समय जिन समस्याओं को दूर करने का वादा किया था, उन्हें दूर करने तथा वार्ड व शहर की अन्य समस्याओं को देखते हुए कार्यों को तेजी प्रदान कर रहे हैं। इसके तहत शहर में कई वार्डों में सफाई के साथ अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण व आंकलन किया जा रहा है।

### घर में चल रही थी विवाह की तैयारी, युवक ने लगा ली फांसी

**बालोद।** ग्राम दानीटोला में शादी के दो माह पहले 30 वर्षीय युवक ने



फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार कोमल सिंह रावटे 30 वर्ष ने सोमवार की सुबह घर में फांसी लगा ली। कोमल की पिछले महीने ही सगाई हुई थी। वहीं, 20, 21 और 22 अप्रैल को विवाह होना था। घर में विवाह की तैयारियां जोरों पर थीं, लेकिन इसी बीच कोमल ने यह कदम उठा लिया। पुलिस के अनुसार मृतक के पिता तिलक रावटे सुबह से ही खेत गए हुए थे। कोमल अपने कमरे में अकेला था। अंदर से कोई आवाज नहीं आने पर कोमल की मां को कुछ अजीब लगा। खिड़की से झांका, तो उसका बेटा कोमल फंदे के सहारे लटक रहा था। मां की चीख–पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कोमल बालोद के कर्मा कॉम्प्लेक्स में एक मोबाइल दुकान में काम करता ▸▸शेष पेज 12 पर

### अपराध : गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम रंगकठेरा का मामला

# विजय जुलूस के दौरान बवाल, दो लोगों पर धारदार हथियार से वार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

ग्राम रंगकठेरा में नवनिर्वाचित सरपंच द्वारा जीत के बाद ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करने के लिए निकाली गई विजय रैली के दौरान बवाल हो गया। इस दौरान विवाद सुलझाने गए एक युवक सहित दो लोगों पर दो आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को को जहां अस्पताल ले जाया गया, वहीं दोनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुलदीप सार्वा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थी के अनुसार ग्राम पंचायत रंगकठेरा के नवनिर्वाचित सरपंच रोमेश यादव ने सोमवार को मतदाताओं का आभार जताने के लिए विजय जुलूस निकला था। प्रार्थी कुलदीप ने बताया कि मैं नरोत्तम साहू के घर के पास सोनू राम साहू, नारायण साहू के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था। रात 9 बजे रैली के बीच राम सेवक निषाद के घर के पास मिथलेश निषाद एक अन्य व्यक्ति फत्तेलाल सेन को मारने के लिए डंडा लेकर दौड़ा रहे थे।





### दोनों आरोपी हिरासत में

यह देखकर मैं फत्तेलाल को बचाने के लिए गया, तभी मिथलेश निषाद एवं पिन्टू साहू निवासी रेंगाकठेरा ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर अपने अपने हाथ में रखे धारदार ब्लेड से मेरे कमर में दाहिने तरफ वार कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुण्डरदेही थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया है। दोनों को गुण्डरदेही पुलिस अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## हाईवा की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

**बालोद।** बहन के घर से ई रिक्शा से अपने घर लौट रहे व्यक्ति को हाईवा चालक ने ठोकर मार दी। ग्राम भरदाकला के पास हुई दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, सवारी घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलने पर थाना अर्जुंदा की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अर्जुंदा अस्पताल इलाज के लिए भेजा तथा घटना से संबंधित वाहनों को मौके से हटाकर यातायात बहाल किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 फरवरी को शाम को ई–रिक्शा क्रमांक सीजी 07 सीआर 4886 से ग्राम कचांदुर निवासी दो भाई अशोक चंद्राकर और सुरेश चंद्राकर अपनी बहन के घर ग्राम जंगलेशर से अपने गांव कचांदुर वापस आ रहे थे। आते समय ग्राम भरदाकला के आगे राजनांदगांव-गुण्डरदेही मार्ग पर अर्जुन्दा की ओर से जा रहे हाईवा क्रमांक सीजी 08 एएच 9635 के चालक ई–रिक्शा को ठोकर मार दी। इससे उसमें सवार दोनों भाई अशोक कुमार एवं सुरेश कुमार को चोटें आईं। दुर्घटना में अशोक कुमार पिता फूल सिंह उम्र करीब 50 वर्ष की मौत हो गई। वहीं, दुर्घटना में घायल सुरेश को सीएचसी अर्जुंदा में भर्ती किया गया है। प्रार्थी संतोष चंद्राकर की रिपोर्ट पर थाना अर्जुंदा में धारा 281, 125, 106 (1) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर पंचनामा एवं विवेचना में लिया गया है।





## अधिवक्ता अधिनियम संशोधन विधेयक 2025 का अधिवक्ताओं ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर में जिला अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर काम बंद कलम बंद कर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन स्थल पर सुबह से ही विभिन्न मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने अपनी बात रखी तथा सुबह से दोपहर तक धरना दिया। उसके बाद अधिवक्ताओं ने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रस्तावित अधिवक्ता अधिनियम संशोधन विधेयक 2025 को पूर्णतः वापस लिये जाने एवं अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किये जाने की मांग की गई।

- काम बंद कर किया धरना–प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में कहा गया है कि विधि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम संशोधन विधेयक 2025 को प्रारूपित व प्रस्तावित किया गया है। उपरोक्त प्रस्तावित विधेयक के प्रावधान अधिवक्ता के हितों के प्रतिकूल हैं तथा अधिवक्तागण के विधि व्यवसाय में उनकी स्वतंत्रता और स्वायत्ता को प्रभावित करते हैं। इससे अधिवक्ताओं को स्वतंत्र रूप से विधि व्यवसाय कर पाने में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न होंगी। ऐसी स्थिति में प्रस्तावित व प्रारूपिक विधेयक को पूर्णतः वापस लिया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि न्यायालय में व्यावसायरत अधिवक्ताओं को व्यावसाय के दौरान कई बार अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ता है, यहां तक कि अधिवक्ताओं को व्यावसाय के दौरान जान माल का निरंतर खतरा बना रहता है। इन परिस्थितियों में अधिवक्ताओं को व्यावसाय के दौरान सुरक्षा प्रदान करने बाबत अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया जाना आवश्यक है। वहीं, इस दौरान अन्य जिलों से जिला न्यायालय बालोद में अपने कामों से आए अधिवक्ताओं ने भी जिला अधिवक्ता संघ द्वारा किये जा रहे ▸▸शेष पेज 12 पर

### नगर के जय स्तंभ चौक के पास बड़ी संख्या में जुटे लोग

# छात्र की आत्महत्या के मामले में युकां ने की जांच व कार्रवाई की मांग, किया पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

15 दिन बीत जाने के बाद भी 14 साल के छात्र की खुदकुशी का मामला सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर जहां मुस्लिम समुदाय सहित अन्य संगठनों ने एसपी को ज्ञापन सौंप कर उचित कार्रवाई और न्याय की मांग की है, तो वहीं दूसरी ओर यूथ कांग्रेस भी छात्र को न्याय दिलाने के लिए सामने आई है।

10 फरवरी को रेलवे कॉलोनी निवासी 14 वर्षीय छात्र तौसिफ जो की ब्लेज अकैडमी बालोद का कक्षा आठवीं का छात्र था, की लाश उसके घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटकती हुई मिली थी। वहीं, छात्र की खुदकुशी के बाद स्कूल प्रबंधन पर तमाम तरह के आरोप लग रहे थे, जिसमें से एक स्कूल के शिक्षक के प्रताड़ना की शिकायत भी थी। मुस्लिम समुदाय सहित अन्य संगठनों के सदस्य मंगलवार को नगर के जय स्तंभ चौक के पास एकत्रित हुए, फिर वहां से बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे। सभी ने छात्र को न्याय दिलाने की मांग की। साथ ही शाम 7:30 बजे कैंडल मार्च निकालकर जय स्तंभ चौक के पास मृत छात्र को श्रद्धांजलि दी। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता मंगलवार को कांग्रेस भवन से उमरदहा पहुंचे, जहां से पैदल मार्च निकालकर स्कूल पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था।



यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले पुलिस के अधिकारी राजेश बागडे और टीआई रविशंकर पांडे से ▸▸शेष पेज 12 पर

## भोले बाबा के दरबार में 129 ज्योति कलश स्थापित...



**डौंडीलोहारा।** ग्राम गैजी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संतु साहू ने बताया कि इस अवसर पर शिवभक्तों द्वारा बाबा भोले के दरबार में 129 अखंड ज्योति कलश की स्थापना की गई है। शिव समिति के सदस्य नेमसिंग चंद्राकर, नारेंद्र दाऊ, सीताराम ठाकुर, अगत भुआर्य, बल्दु यादव, मानसिंह भुआर्य, चंदू यादव, डोमन प्रधान, चंद्रकुमार भुआर्य, सुनीत ओरेंद्र, लालचंद निर्मलकर द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### ग्राम पीपरछेड़ी में रामायण मेला आज

**बालोद।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम पीपरछेड़ी में 26 फरवरी को रामायण मेला का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घमघोर साहू होंगे, अध्यक्षता टीआर सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान रूद्रेश्वर मानस परिवार भोथली, श्रीराम मानस मंडली कुम्हारपारा खल्लारी, जय शीतला मानस परिवार चिचबोड़, श्रीराम रसिक मानस परिवार शिकारीपारा, जय माँ शीतला महिला मानस परिवार भेंडिया नवागांव एवं निकेतन मानस परिवार नेवारीखुर्द अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगी।

### महाकुंभ नहीं जा पाने के बाद भी पूरी हुई संगम के जल से स्नान की कामना

# जिला जेल पहुंचा प्रयागराज का पवित्र जल, कैदियों ने किया पुण्य स्नान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

महाकुंभ में हर कोई एक बार स्नान कर लेना चाहता है, लेकिन जेल में कैद कैदियों की इसी इच्छा को पूरी करने के लिए जेल अधिकारी व कर्मचारियों ने महाकुंभ के पवित्र जल की जेल में ही व्यवस्था कर दी। जेल परिसर में कुंड का निर्माण कर कैदियों को पवित्र जल से स्नान कर अपने जीवन को सफल करने का मौका दे दिया। प्रयागराज के त्रिवेणी संगम के पवित्र जल से स्नान के बाद कैदियों की खुशी देखते ही बनती थी।



जेल परिसर के अंदर जैसे ही पवित्र जल पहुंचा, तो अधिकारी उसकी पूजा-अर्चना कर परिसर में बनाए गए कुण्ड तक ले गए। इस बीच पवित्र जल के जेल परिसर में आने के दौरान कैदी भजन कीर्तन करते रहे। अधिकारी द्वारा मुख्य द्वार से अंदर बने स्नान कुण्ड तक पवित्र जल को ले जाने के दौरान उनके पीछे-पीछे कैदी भजन कीर्तन करते हुए चले। कुण्ड में पवित्र जल का प्रवेश कराने के बाद सभी कैदियों ने एक-एक कर पुण्य स्नान किया और अपने आप को धन्य महसूस किया।

### कलेक्टर चंद्रवाल की पहल पर की गई व्यवस्था

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार जिला जेल बालोद में महाकुंभ पर्व के अवसर पर प्रयागराज के पवित्र जल से कैदियों के स्नान की व्यवस्था की गई। प्रयागराज से प्राप्त गंगा जल को मंगलवार प्रातः 08 बजे जेल में बने कुण्ड में डालकर कैदियों को पुण्य स्नान कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी जेल अधीक्षक आरके श्रीमाली और जेलर शत्रुघ्न कुर्रे मौजूद थे।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### 18 नवनिर्वाचित साहू समाज के पार्षदों का सम्मान

**रायपुर।** युवा प्रकोष्ठ शहर जिला साहू संघ रायपुर द्वारा जिला संयोजक देवदत्त साहू के नेतृत्व में युवा महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर साहू समाज के नवनिर्वाचित 18 पार्षदों का सम्मान रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। युवा महोत्सव में शहर के विभिन्न स्कूल व कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए प्रतियोगिता रखी गई। इसके साथ ही सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को मंच से सम्मानित होने का मौका मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, प्रदेश साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष पूनम कुमार साहू, शहर जिला साहू संघ के अध्यक्ष केशव साहू, प्रदेश साहू संघ की सचिव सीमा साहू, कार्यकारी अध्यक्ष यादराम साहू, सभापति रघुनाथ साहू, युवा प्रकोष्ठ सह संयोजक मोंटी साहू, महासचिव मनीष साहू सहित युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा नवनिर्वाचित पार्षदगण उपस्थित रहे।

### तुलसी में अवैध शराब बिक्री नशाखोरी का होगा खात्मा: धीवर



**रायपुर।** रायपुर जिले अंतर्गत ग्राम तुलसी के लोग अवैध शराब की बिक्री और नशाखोरी से त्रस्त हो चुके हैं। अवैध शराब की बिक्री से गांव में बच्चों को भी नशे की लत लग रही है। गांव के नवनिर्वाचित सरपंच सुरेश कुमार धीवर ने कहा कि गांव में अवैध शराब की बिक्री का खात्मा करना उनकी प्राथमिकता में है। शराब की अवैध बिक्री बंद होगी, तो नशाखोरी भी कम होगी, जिससे गांव के भविष्य बच्चे भी सुरक्षित रहेंगे और पढ़ाई-लिखाई कर अपना-अपने परिवार के साथ गांव का नाम रोशन कर पाएंगे। ग्राम तुलसी में सरपंच का पद जीतने के बाद सुरेश धीवर ने विजय जुलूस रैली निकाली।

### ज्ञान प्रतियोगिता में 100 स्कूलों ने लिया भाग

**रायपुर।** अखिल भारतीय योग वेदांत सेवा समिति द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में सोमवार को जिला स्तरीय दिव्य प्रेरणा प्रकाश ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो सत्रों में की गई। प्रतियोगिता में शासकीय स्कूलों के छात्रों की उपस्थिति अधिक देखी गई। इस दौरान शासकीय और निजी स्कूलों के शिक्षकों ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आगे भी ऐसे आयोजन होते रहने पर जोर दिया। ताकि बच्चों के आध्यात्मिक ज्ञान के स्तर को परखा जा सकें, आज बच्चे संस्कार, संस्कृति और आध्यात्मिक ज्ञान से दूर होते जा रहे हैं। जिन्हें संत आशाराम बापू के सत्संग द्वारा देश के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संवर्द्धन संरक्षण और समाजोत्थान के कार्य किए जा रहे हैं जो सराहनीय है।

### जय व्यापार पैनल को शहर के 21 व्यापारिक संगठनों ने दिया समर्थन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए 14 अप्रैल से 10 चरण में मतदान होंगे। इस चुनाव में 23 जुलाई 2024 तक सदस्यता प्राप्त 27, 480 सदस्य मतदान कर अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनेंगे। चैंबर चुनाव में मुख्य मुकाबला जय व्यापार पैनल और व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशियों के बीच होगा। चुनाव को लेकर व्यापारियों संगठनों से मेल मुलाकात का सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार को जय व्यापार पैनल के प्रदेश अध्यक्ष पद प्रत्याशी अमर पारवानी, प्रदेश महामंत्री पद के प्रत्याशी अजय भसीन एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी उत्तम गोलछा ने व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों से मुलाकात की। साथ ही उनके साथ बैठक कर अपने पैनल के प्रत्याशियों को विजयी बनाने अपील भी की।

# कुष्ठ मरीजों से संयमित व्यवहार की नसीहत, विभागीय तालमेल बनाकर इलाज पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलाज के लिए आने वाले कुष्ठ मरीजों से संयमित व्यवहार करने की नसीहत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम ने दी है। साथ ही त्वचा, फिजियोथैरेपी, पैथोलॉजी सहित अन्य विभाग के चिकित्सकों को समन्वय बनाकर उनके उपचार की नसीहत दी है। मानव अधिकार की टीम ने त्वचा रोग विभाग के साथ परिसर में स्थित कुष्ठ अस्पताल का निरीक्षण भी किया।

मानव अधिकार आयोग की टीम कुष्ठ रोगियों के उपचार और उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के साथ किए जाने वाले व्यवहार के बारे में भी जानकारी ले रही है। इसके तहत उनके द्वारा दोनों कुष्ठ अस्पताल में चिकित्सकीय स्टाफ द्वारा उनसे किए जाने वाले व्यवहार के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। सोमवार को मानव अधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर डा. प्रदीप्ता कुमार नायक ने जिला अस्पताल में बैठक लेकर त्वचा रोग सहित अन्य विभाग के चिकित्सकों को मरीजों की जांच और उपचार के दौरान मधुर व्यवहार बरतने की हिदायत दी। इस दौरान त्वचा रोग विभाग में आने वाले मरीजों के बारे में भी जानकारी ली गई। उन्होंने जिला अस्पताल के हमर लैब का भी दौरा किया और वहां मरीजों को निशुल्क दी जाने वाली जांच सुविधा के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी सहित अन्य चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे।

**मानव अधिकार आयोग की टीम ने जिला अस्पताल में ली बैठक**

#### कुष्ठ बस्ती का कर चुके हैं दौरा

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के प्रतिनिधि कुछ दिन पहले यहां कुष्ठ बस्ती जाकर वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ले चुके हैं। इसके साथ ही लालपुर में स्थित कुष्ठ अनुसंधान संस्थान, इंदिरा कुष्ठ बस्ती लेप्रोसी होम एंड हॉस्पिटल पंडरी कुष्ठ चिकित्सालय में मरीजों को प्रदाय की जाने वाली सामग्री, एमसीआर चप्पल, सेल्फ केयर किट, बैसाखी, चश्मा का वितरण संबंधी विस्तृत जानकारी ले चुके हैं।



#### शहरी इलाके में मरीज, जताई चिंता

छत्तीसगढ़ में कुष्ठ पीड़ितों की संख्या काफी अधिक होने के साथ शहरी इलाके में भी इनकी उपस्थिति पर चिंता जाहिर की गई। प्रतिनिधियों ने जिला अस्पताल के डाक्टरों से इसकी वजह जानने का प्रयास किया। उन्होंने कहा विभागीय सामंजस्य के साथ इसमें कमी लाने पर जोर दिया। उन्होंने लेप्रोसी प्रभावितों के अस्पताल आने से लेकर उनके उपचार शुरू होने तक की प्रक्रिया को जानने का प्रयास किया।

## मंडी में फसलों की बोली लगाकर खरीद रहे व्यापारी

# मंडी में इस बार धान 2000 रुपए से 3350 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी बंद हो गई है, लेकिन मंडियों में अभी भी धान की खरीदी जारी है। मंडी में गैर पंजीकृत किसान हर रोज अपना धान बेचने पहुंचे रहे हैं। व्यापारी भी मंडी में किसानों के धान की क्वालिटी परखकर उसकी बोली लगाकर खरीद रहे हैं।

राजधानी रायपुर के तुलसी-बाराडेरा स्थित कृषि उपज मंडी समिति में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार किसानों का धान अधिक कीमत पर खरीदा गया है, जिसके कारण अभी तक 23 सौ से ज्यादा किसान करीब साढ़े 66 हजार क्विंटल धान बेच चुके हैं।

#### ये फसलें भी बिकीं

मंडी में गेंहू, सरसों, मक्का, लाखड़ी, सोयाबीन एवं मूंग की फसलों की भी बिक्री हो चुकी है। इन फसलों में गेंहू 14 क्विंटल, सरसों 3 क्विंटल, मक्का 12 क्विंटल, लाखड़ी 551 क्विंटल, सोयाबीन 12 क्विंटल एवं मूंग 9 क्विंटल बिका है। इनमें गेंहू अधिकतम 3350 प्रति भाव तक बिका है। इसी प्रकार सरसों 4800 रुपए, मक्का अधिकतम 2800 रुपए, लाखड़ी अधिकतम 5198 रुपए, सोयाबीन 3300 रुपए, मूंग 4800 रुपए क्विंटल के भाव से बिका है।





#### पिछली बार से इस बार धान की ज्यादा खरीदी

पिछले सीजन की अपेक्षा इस बार धान की अधिक खरीदी हुई है। इस बार उच्च क्वालिटी का धान बेचने भी कई किसान पहुंचे थे, जिससे इस बार धान बेचने वाले किसानों की संख्या भी बढ़ी है। गेंहू, मक्का, कोदो, लाखड़ी सहित अन्य दूसरी फसलें बेचने भी किसान आ रहे हैं।

\- **प्रदीप शुक्ला,** सचिव, उपज मंडी रायपुर

#### श्रीराम, जीराफूल, विष्णुभोग जैसी उच्च क्वालिटी का धान भी बिका

मंडी में इस बार 1010, महामाया, सरना, आरबीजी के साथ श्रीराम, जीराफूल एवं विष्णुभोग जैसी उच्च क्वालिटी का धान भी बेचा गया है। मंडी में इस बार भी 1010 महामाया, सरना जैसा धान करीब दो हजार रुपए से लेकर अधिकतम 2351 रुपए क्विंटल के भाव तक बिका, वहीं उच्च क्वालिटी का धान श्रीराम, जीराफूल एवं विष्णुभोग अधिकतम 3111 रुपए से लेकर 3350 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिका। इस तरह मंडी में इस बार गैर पंजीकृत किसानों ने पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा धान बेचा है। पिछली बार मंडी में उच्च क्वालिटी के धान की बिक्री नहीं के बराबर हुई है।

#### राहर 6725 रुपए व बटरी की 5000 रुपए लगी बोली

धान के अलावा मंडी में अन्य कई प्रकार की फसलें भी बेचने किसान पहुंच रहे हैं। इस बार मंडी में राहर 6725 रुपए एवं बटरी 5000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिका है। हालांकि राहर बेचने अब तक सिर्फ एक किसान ही मंडी पहुंचा, जिसके द्वारा एक क्विंटल फसल ही बेची गई है। इसी प्रकार बटरी की फसल बेचने भी 3 किसान ही पहुंचे हैं, जिनके द्वारा 250 क्विंटल फसल बेची गई है।

#### कोदो की फसल 2200-2686 रुपए क्विंटल की दर से बिकी

जिले में इस बार कई गैर पंजीकृत किसानों ने कोदो की फसल भी लगाई है। इनमें से अब तक 3 किसान 9 क्विंटल कोदो की फसल मंडी में बेच चुके हैं। यह फसल क्वालिटी के अनुसार न्यूनतम 2200 रुपए से अधिकतम 2686 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदी गई है।

# कई आध्यात्मिक रहस्यों को समेटे हुए है महाशिवरात्रि का पर्व : बीके विजयलक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महाशिवरात्रि का महापर्व कई आध्यात्मिक रहस्यों को समेटे हुए है। यह पर्व सभी पर्वों में महान और श्रेष्ठ है, क्योंकि शिवरात्रि परमात्मा के दिव्य अवतरण का यादगार महापर्व है। जब–जब इस सृष्टि पर धर्म की अति ग्लानि हो जाती है, अधर्म और पापकर्म बढ़ जाते हैं, तब भगवान सृष्टि का उत्थान करने और नई दुनिया का सृजन करने साकार रूप में लोंगो के सम्मुख प्रकट होते हैं।

उक्त बातें संचालिका बालोद आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद बीके विजयलक्ष्मी ने कही। उन्होने कहा भारत में 12 ज्योतिर्लिंग प्रसिध्द है और गली–गली में शिवालय बने हुए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि वह परमपिता परमात्मा कभी इस सृष्टि पर आए हैं और विश्व कल्याण का कार्य किया है, तभी तो हम उन्हें याद करते हैं। परमात्मा का स्वरूप ज्योतिर्बिंदु है। श्रीमद्भगवत गीता से लेकर महाभारत, शिवपुराण, रामायण, यजुर्वेद, मनुस्मृति सभी में कहीं न कहीं परमात्मा के अवतरण की बात कही गई है। किसी भी धर्मग्रंथ में परमात्मा के जन्म लेने की बात नहीं है। हर जगह प्रगट होने, अवतरण पर परकाया प्रवेश की बात को ही इंगित किया गया है। क्योंकि परमात्मा का अपना कोई शरीर नहीं होता है। वह परकाया प्रवेश कर नई सतयुगी सृष्टि की स्थापना का दिव्य कार्य कराते हैं।

#### शिव और शंकर में है महान अंतर

उन्होने कहा परमपिता शिव और शंकर जी में महान अंतर है। शिव जी और शंकर जी में वही अंतर है जो एक पिता–पुत्र में होता है। इस सृष्टि के विनाश कराने के निमित्त परमात्मा ने ही शंकर जी को रचा। यहीं नहीं ब्रह्मा, विष्णु, शंकर के रचनाकार, सर्वशक्तिवान, सर्वोच्च सत्ता, परमेश्वर शिव ही है। वह ब्रह्मा द्वारा सृष्टि की स्थापना, शंकर द्वारा विनाश और विष्णु द्वारा पालना कराते है। 'शिवलिंग' परमात्मा शिव की प्रतिमा है। परमात्मा निराकार ज्योति स्वरूप है। शिव का अर्थ है 'कल्याणकारी' और लिंग का अर्थ है 'चिन्ह' अर्थात कल्याणकारी परमात्मा को साकार में पूजने के लिए 'शिवलिंग का निर्माण किया गया। शिवलिंग को काला इसलिए दिखाया गया क्योंकि अज्ञानता रूपी रात्रि में परमात्मा अवतरित होकर अज्ञान–अंधकार मिटाते है।

**शिवलिंग पर तीन रेखाएं ही क्यों :** उन्होने कहा शिवलिंग पर तीन रेखाएं परमात्मा द्वारा रचे गए तीन देवताओं की प्रतीक है। परमात्मा शिव तीनों लोंको के स्वामी है। वे प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा सतयुगी दैवी सृष्टि की स्थापना, विष्णु द्वारा पालना और शंकर द्वारा कलियुगी आसुरी सृष्टि का विनाश कराते है। इस सृष्टि के सारे संचालन में इन तीनों देवताओं का ही विशेष अहम योगदान हे।

**शिव के साथ क्या है रात्रि का संबंध ?:** उन्होने कहा विश्व की सभी महान विभूतियों के जन्मोत्सव मनाए जाते है, लेकिन परमात्मा शिव की जयंती को जन्मदिन न कहकर शिवरात्रि कहा जाता है, आखिर क्यों? इसका अर्थ है परमात्मा जन्म–मरण से न्यारे है। उनका किसी महापुरूष या देवता की तरह शारीरिक जन्म नहीं होता है। वह अलौकिक जन्म लेकर अवतरित होते है।

सृष्टि का शाश्वत नियम है कि कोई भी चीज हमेशा अपने मूल स्वरूप में नहीं रहती है। बदलाव या परिवर्तन प्र—ति का नियम है। सृष्टि चक्र में सतयुग के बाद त्रेतायुग, द्वापरयुग और फिर कलियुग क्रम से आना तय है। समय रहते इसे गंभीरता से समझने की जरूरत है। क्योंकि यह बदलाव ईश्वरीय संविधान का हिस्सा है, जो मानव के हित में है।

# साय ने कहा- विकसित राज्य के निर्माण में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, अन्नदाताओं का सम्मान मां अन्नपूर्णा के सम्मान की तरह है। किसानों की समृद्धि से ही मजबूत ग्रामीण विकास का आधार तैयार हुआ है और शहरी अर्थव्यवस्था भी इससे बेहतर हुई है। अन्नदाताओं के श्रम से मिली शक्ति और उत्साह से ही हम छत्तीसगढ़ को संवार रहे हैं। विकसित छत्तीसगढ़-विकसित भारत बनाने में किसानों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले किसानों को बधाई दी और उन्हें सम्मानित भी किया। चौदह महीनों के अंतराल में हमने किसान भाइयों के खाते में करीब एक लाख करोड़ रुपए भेजा है। अन्नदाताओं को अच्छा मूल्य मिलने से उनके जीवन खुशहाली आयी है। किसान आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं।




#### कृषि भूमि की अनिवार्यता को शिथिल

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में अब तक 9712 करोड़ 58 लाख रुपए की सम्मान निधि प्रदेश के किसानों को दी जा चुकी है। वर्ष 2023-24 की तुलना में 2 लाख 75 हजार से अधिक किसान भाइयों को इस योजना का लाभ मिला है। योजना का लाभ हमारे 2 लाख 34 हजार वन पट्टा धारी किसानों और 32 हजार 500 विशेष पिछड़ी जनजाति के किसानों को भी मिल रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति के किसान भाइयों को योजना का लाभ मिल सके, इसके लिए कृषि भूमि की अनिवार्यता को शिथिल किया गया।

#### किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। इसके लिए उनका जोर उद्यानिकी फसलों, फसल विविधीकरण तथा पशुपालन पर भी है। हम उद्यानिकी तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने विशेष कार्य कर रहे हैं। साथ ही पशुपालन को प्रोत्साहन देते हुए दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एनडीडीबी के साथ हमने एमओयू भी किया है। इससे दुग्ध क्रांति की दिशा में प्रदेश अग्रसर हो गया है। हमारी सरकार लगातार किसानों की आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों के खाते में दस-दस हजार रुपए की राशि भी हमने दी है।

# साइंस कालेज से रविवि गेट के सामने तक मनाया जाएगा राहगीरी दिवस

- सड़क सुरक्षा पर्यावरण जागरूकता थीम, 1 मार्च शाम 5 से 8 बजे, 2 मार्च सुबह 7 से 10 बजे कार्यक्रम
- नगर निगम रायपुर और राहगीरी फाउंडेशन का संयुक्त आयोजन
- जुंबा, योग, साइकिल चलाना सहित खेल प्रतियोगिता आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के संस्कृति विभाग और राहगीरी फाउंडेशन के सहयोग से शहर में सड़क सुरक्षा और पर्यावरण जागरूकता थीम पर दो दिवसीय राहगीरी दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

1 मार्च को शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे और 2 मार्च को सुबह 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक विविध गतिविधियां देखने को मिलेंगी। राजधानी के जीई रोड पर साइंस कालेज गेट के सामने से लेकर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय गेट तक आयोजन किया जायेगा। इसमें जुंबा, योग, विविध गतिविधियां, चिकित्सा शिविर, साइकिल चलाना सहित खेल प्रतियोगिता शामिल रहेगी।

1 और 2 मार्च को शहरवासियों के लिए राहगीरी दिवस का आयोजन शहर में पहली बार राहगीरी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। नागरिकों को सड़क सुरक्षा, फिटनेस गतिविधि, पर्यावरण जागरूकता सहित सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने कार्यक्रम आयोजित है। शहर के जीई रोड पर साइंस कालेज गेट के सामने से विश्वविद्यालय गेट तक विविध गतिविधियां की जायेंगी। राहगीरी फाउंडेशन की ओर से देश के विभिन्न शहर जैसे गुरुग्राम, दिल्ली में राहगीरी दिवस का आयोजन कर समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ लाने अलग-अलग गतिविधियां आयोजित कर जोड़ा गया। राहगीरी दिवस के दिन शहर की किसी सड़क या स्थल को नो व्हीकल जोन घोषित कर आयोजन किये जाते हैं। आयोजकों का कहना है कि बाकी शहरों में राहगीरी दिवस केवल एक दिन आयोजित किया जाता है, पर रायपुर शहर में दो दिवसीय राहगीरी दिवस का आयोजन 1 व 2 मार्च को किया जायेगा।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए सांसद बृजमोहन ने दिए सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा सचिवालय की रसायन और उर्वरक संबंधी स्थाई समिति की महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्रालय के अधिकारियों से विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया।

उन्होंने उर्वरक, रसायन, पेट्रोकेमिकल और औषधि क्षेत्र में सरकार की नीतियों और योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत दिए। इसमें सबसे अहम सुझाव किसानों की आय बढ़ाने का है। श्री अग्रवाल ने सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ समेत देश के किसानों को समय पर और किफायती दरों पर उर्वरक मिल सके, जिससे उनकी उत्पादन लागत कम हो और कृषि क्षेत्र में मजबूती आए। उन्होंने देश में रसायन उद्योग को सशक्त करने और फार्मा सेक्टर में आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर बल दिया। इसके तहत छोटे और मध्यम उद्यमों को विशेष सुविधाएं दिए जाने की मांग की, जिससे वे भी इस क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ा सकें। श्री अग्रवाल ने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया को बढ़ावा देने की मांग की, जिससे किसानों को अधिक किफायती और प्रभावी उर्वरक उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा, सरकार द्वारा 1.94 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग से सरकार को 2 लाख करोड़ रुपए तक सब्सिडी व्यय में कमी आएगी, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। रायपुर स्थित सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी (सिपेट) के अपग्रेडेशन और सीटों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

## पेज 9 के शेष

#### शिव-शक्ति के विवाह ....

जीवन छोड़कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। वहीं, मान्यताओं के आधार पर कहा जाता है की महाशिवरात्रि के दिन जो श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना करते हैं उनकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। जिले के सभी शिव मंदिरों में आज सुबह से ही लोगों को ऊँ नमः शिवाय गुंजायमान होगा। **कल्चुरी राजाओं ने बनवाया है कपिलेश्वर महादेव मंदिर :** नगर के कपिलेश्वर महादेव मंदिर कल्चुरी राजाओं द्वारा बनाया गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भगवान शिव के दर्शन करने का सुखद आनंद मिलता है। यहां परिसर में भगवान शंकर के साथ भगवान गणेश की मूर्ति भी स्थापित है। **ग्राम भोथली में स्थित है बुढ़ादेव मंदिर :** जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर बालोद ब्लाक के ग्राम भोथली में स्थित बुढ़ादेव मंदिर है। यहां भगवान बुढ़ादेव की प्रतिमा के साथ भगवान शंकर व विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमा तालाब के किनारे स्थित है।

#### तालाब के बीचों-बीच ....

मिलता है। यहां भगवान शंकर की पूजा-अर्चना करने के साथ श्रद्धालु तालाब में मछलियों व कछुओं को चारा देने से अपने आप को रोक नहीं पाते, जिससे श्रद्धालुओं का मन मंत्रमुग्ध हो जाता है।

#### खारुन नदी के उद्गम स्थल ...

जाएगा। कंकालीन मंदिर आसपास के लगभग 29 गावों के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। जहां 29 गांवों के लोग महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व कलश लेकर पहुँचे थे।

#### अधिवक्ता अधिनियम ...

प्रदर्शन का समर्थन करते हुए काम नहीं किया और धरना प्रदर्शन में अन्य अधिवक्ताओं के साथ सम्मिलित होकर अपनी बातें रखी।

#### घर में चल रही थी विवाह की ....

था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, बालोद टीआई रविशंकर पांडेय के अनुसार युवक के पास से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जांच जारी है।

#### छात्र की आत्महत्या के मामले ...


चर्चा की। उन्होंने स्कूल प्रबंधक के जिम्मेदारों को चर्चा करने की बात कही। उसके बाद स्कूल प्रबंधन को मौके पर बुलाया गया, जहां पुलिस बल की मौजूदगी में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्कूल प्रबंधक से चर्चा की। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मामले में निष्पक्ष जांच कर छात्र को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने मुआवजा दिए जाने की मांग स्कूल प्रबंधन के पास रखी।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ◆ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ◆ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ◆ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ◆ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ◆ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


वीरभद्र महायज्ञ व प्राणप्रतिष्ठा
मूल मंत्र-ॐ नमो भगवते सदाशिवाय
दिनाँक
30 मार्च 2025 से 06 अप्रैल 2025
यज्ञाहुति समय
प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक
तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व नगरी निर्माण कार्य जिसमे 4 एकड़ मंदिर
7 एकड़ परकोटा 25 एकड़ परिसर भूमि
जिसकी लागत एक लाख एक हजार करोड़ रुपये होगी
इस उद्देश्य को लेकर संत श्री माताजी
संत श्री माता जी
संस्थापक
तीर्थराज देवि निकुंभला
राजलक्ष्मी मंदिर
जय शक्ति आश्रम
ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)
तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम । एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम ॥

## खबर संक्षेप

### अचौद के ग्रामीणों ने आकाश को सौंपी ग्राम विकास की जिम्मेदारी



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत अचौद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का तीसरा चरण का मतदान 23 फरवरी रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। जहां इस पंचायत में आरक्षण सामान्य सीट होने से सरपंच पद के लिए कुल 10 युवा प्रत्याशियों ने मैदान में उतरकर अपना अपना भाग्य आजमाया। उनमें से 26 वर्षीय आकाश कुमार चन्द्राकर ने 176 मत पाकर जीत हासिल की। आकाश चन्द्राकर ने अपनी जीत का श्रेय गांव की जनता को देते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने गांव के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही।

### कजराबांधा सरपंच खोमलाल ने लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत कजराबांधा (चाराचार) में खोमलाल साहू ने सरपंच पद पर 88 वोट से जीत हासिल कर सरपंच निर्वाचित हुए। इस जीत की खुशी में ग्रामवासियों ने ग्राम में विजयी रैली निकाली, जहां जगह-जगह गांव वालों ने गुलाल लगाकर व पुष्प मालाओं से स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर नव निर्वाचित सरपंच खोमलाल साहू ने बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हुए सब के सुख-दुख में साथ खड़ा रहूंगा।

### भूमिपूजन व जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आज

**गुण्डरदेही।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा खरीदे गए 9 डिसमिल जमीन की भूमिपूजन किया जाएगा। इनके साथ साथ 5 कुंडीय महायज्ञ एवं शिवलिंग जलाभिषेक के साथ सम्पन्न होगा। बता दें कि तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा समाजिक बंधुओं के सहयोग से साहू सदन से लगी 9 डिसमिल जमीन खरीदी गई है। इस भूमिपूजन के साथ-साथ भू क्रय में दान दिए दानदाताओं और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजय हुए स्वजातीय बंधुओं का सम्मान तहसील साहू संघ द्वारा किया जाएगा।

### दोस्त पर प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** दोस्त पर प्राण घातक हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 109,25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपी से धारदार चाकू भी जब्त किया है।

## निधन

### निधन : हेमंत साहू



**बालोद।** ग्राम चारवाही निवासी हेमंत साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे भाजपा नेता चमन लाल साहू के पुत्र थे।

प्रवचन : ग्राम अण्डा स्थित गुरुवार बाजार चौक में श्री शिवमहापुराण कथा जारी

# घर में धन हो या न हो, संस्कारों की कमी नहीं होनी चाहिए : पंडित महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शंकर भोला महिला भजन मंडली एवं समस्त ग्रामवासी अण्डा गुरुवार बाजार चौक में श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। व्यासपीठ से आचार्य पं. महेन्द्र पाण्डेय ने शिव महापुराण का श्रवण कराते हुए कहा कि कितने भी बड़े पद पर हों, लेकिन भगवान की भक्ति नहीं भूलनी चाहिए।

पंडित महेंद्र ने कहा कि शिव महापुराण की कथा कहती है कि दुनिया का सबसे बड़ा पाप है अपने आप को कमजोर समझना। उन्होंने कहा कि आप कभी भी अपने आप को कमजोर ना समझें, चाहे कितनी भी बड़ी बीमारी से आप ग्रषित हों, कितने बार भी आप हार जाएं। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थिति में जो मुस्कुराता है, भोलेनाथ उसका साथ देते हैं। आप जिस दिन खुद को कमजोर समझना शुरू कर देंगे, तो आप समझ लेना कि आप पापी हो। अगर आपके घर में धन की कमी है तो कोई बात नहीं, संस्कारों की कमी नहीं होनी चाहिए। घर की मानसिक स्थिति ठीक होनी चाहिए, सिर्फ आर्थिक स्थिति ठीक होने से सब कुछ ठीक नहीं होता। मान लीजिये किसी ने खूब धन दौलत कमा लिया, पर उनके बेटा-बेटी गलत रास्ते पर चले गए और गलत संगति में लिप्त हो गए, तो क्या करेंगे ऐसे धन दौलत का? इसलिए आर्थिक स्थिति के साथ-साथ घर की मानसिक स्थिति भी ठीक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि घर में आप अपने बच्चों को बचपन में प्यार नहीं देंगे, तो बड़े होकर वे भी आपको प्यार नहीं करेंगे।



तारकासुर वध व श्री गणेश विवाह प्रसंग का वर्णन

कथा के दौरान कार्तिकेय द्वारा तारकासुर का वध एवं गणेश जी का रिद्धि-सिद्धि के साथ विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए विवाह कराया गया। फिर हवन का कार्य एवं महाप्रसादी भंडारा फाग गीत एवं शोभायात्रा संपन्न हुई।

## भगवान श्रीराम ने कोई चमत्कार नहीं दिखाया, अपना कर्म किया

- ग्राम कामता में कथावाचक ने कहा- भाग्य के भरोसे न बैठें, कर्म करें

**डौंडीलोहारा।** ग्राम कामता में श्रीरामचरित मानस के चौथे दिन उपाध्यायपुर उत्तर प्रदेश के भागवताचार्य एवं राम कथा वाचक कृपा शंकर मिश्र ने राम कथा के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ का चौथे पन में भी तीनों रानियों से कोई संतान नहीं थी। गुरु वशिष्ठ के कहने पर राजा दशरथ ने श्रृंगी ऋषि से पुत्रेष्ठी यज्ञ करवाया। यज्ञ के बाद चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। इस समय सभी ग्रह नक्षत्र राम जन्म के कारण अनुकूल हो गए थे। जड़ चेतन सहित संपूर्ण प्रकृति पूर्ण रूप से सुखी हो गए थे। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने



कोई चमत्कार नहीं दिखाया, बल्कि उन्होंने स्वयं नर लीला करते हुए कर्म किया। पंडित कृपा शंकर मिश्र ने कहा कि व्यक्ति को भाग्य के भरोसे बैठे नहीं रहना है, बल्कि कर्म को प्रधान समझ कर कर्म करना चाहिए। कथा वाचक ने कहा कि चारों पुत्रों के जन्म के बाद नामकरण किया गया। राम, लक्ष्मण, भरत तथा शत्रुघ्न नाम रखा गया। पूरे राज्य में राम जन्म की उत्सव मनाने लगे। इस दौरान भगवान श्री राम के दर्शन करने के लिए सूर्य नारायण भी स्थिर हो गए थे। रात्रि नहीं होने के कारण चंद्रदेव को भगवान राम का दर्शन करने का अवसर नहीं मिल रहा था। चंद्र देव ने भगवान से शिकायत की कि सूर्य नारायण अपने कर्म को छोड़कर स्थित हो गए हैं। चंद्र देव की शिकायत को सुनकर चंद्रदेव को भगवान श्री राम समझाते हुए कहा कि द्वापर में जब मैं जन्म लूंगा, तो मध्य रात्रि में जन्म लूंगा, तब मेरे नाम के साथ आपका नाम जुड़ जाएगा और मेरा नाम कृष्ण चंद्र हो जाएगा। कथावाचक ने कहा कि भगवान समदर्शी हैं। वे किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं।

## माता अनसुईया ने देवी सीता को दी पतिव्रत धर्म की सीख



- ग्राम बघेरा में 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा जारी

**अंडा।** बघेरा दुर्ग वार्ड क्रमांक 56 सांई नगर में 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। संत श्री निरंजन महाराज जी लिमतरा आश्रम के मार्गदर्शन में कथा व्यास आचार्य परमेश्वर महाराज लिमतरा वाले राम कथा का रसपान करा रहे हैं।

रामचरित मानस के तीसरे अध्याय अरण्य कांड में भगवान राम, मां सीता और लक्ष्मण अत्रि मुनि के आश्रम में आते हैं। मां अनसुईया माता सीता को पतिव्रत धर्म निभाने की सीख देती हैं। इस अवसर पर शूर्पणखा और मारीच प्रसंग के बाद मां सीता के हरण, जटायु का प्रसंग आता है। इसके बाद रामजी मां शबरी की कुटिया जाते हैं और नवधा भक्ति का उपदेश देते हैं। वन में मां अनसुईया ने सीता मां को पतिव्रता धर्म निभाने की सीख दी। कहा, सुख-दुख में पति का साथ देना। मां सीता ने अनुसुईया के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया। सीताहरण बचाने को जटायु ने रावण से युद्ध भी किया। रावण जब मां सीता का हरण करके आकाश मार्ग से लंका ले जा रहा था तो जटायु ने रोकने के लिए रावण से युद्ध किया। जटायु का सौभाग्य देखिए, राम की गोद में प्राण त्यागे थे। प्रेम भगवान राम ने प्रेम में शबरी के जूठे बेर भी खाए। यानी भगवान प्रेम के भूखे हैं, वे जात-पांत नहीं जानते।

## नेवारी कला में श्री मद् भागवत कथा जारी



**लाटाबोड़।** श्री मद् भागवत कथा के दूसरे दिन ग्राम नेवारी कला में देवी गीतांजलि शर्मा ने बताया कि भगवान भोलेनाथ ने माता पार्वती को अमर की कथा सुनाई। महाभारत की कथा, परीक्षित जन्म क़े बारे में विस्तार पूर्वक कथा का श्रवण कराया। परीक्षित दानी राम सोनकर और उनके परिवार एवं समस्त नेवारी कला के ग्रामीण भजन में झूम उठे।

# सरपंच वेदबाई, जनपद सदस्य मंजू व पंचों ने जताया ग्रामीणों का आभार

**कुसुमकसा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित सरपंच वेदबाई पिस्दा, जनपद सदस्य मंजू बैंस सहित पंचों ने विजय जुलूस निकालकर ग्रामीण मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर निकाली गई विजय रैली गुण्डराटोला, दीप चौक, आमापारा, आदर्श चौक, आजाद चौक, बस स्टैंड चौक, गैरेज पारा, तालाब पारा, क्रांति चौक, शांति नगर होते हुए सरपंच निवास में समाप्त हुई। जगह-जगह ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया।

वेदबाई पिस्दा सरपंच ने समस्त ग्रामीण मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखेंगी। इस दौरान मंजू बैंस जनपद सदस्य, पंच पंकज जेठवानी, नितिन जैन, ज्योति यादव सहित बेगम, सिताबाई चुरेंद्र, पुष्पाबाई, चित्ररेखा, कुमारी बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### ग्राम गैजी में सरपंच व पंचों ने जताया मतदाताओं का आभार



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के ग्राम पंचायत गैजी में जनकलाल खांडे जीत हासिल कर सरपंच चुने गए हैं। उनके साथ सभी वार्डों के नवनिर्वाचित पंचों ने डीजे एवं गाजे बाजे के साथ विजय जुलूस निकालकर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त सरपंच खांडे ने प्रत्येक घरों में जाकर बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और अपने पक्ष में वोट करने के लिए सभी लोगों का आभार जताया। उन्होंने ग्रामवासियों को ग्राम विकास के लिए सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर निष्ठापूर्वक कार्य करने का विश्वास दिलाया।

## भोइनापार की सरपंच बनीं श्यामा बाई, जताया आभार

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत भोइनापार में सरपंच चुनाव में श्यामा बाई मारकंडेय की जीत होने पर उन्होंने सभी वार्ड पंचों के साथ विजय रैली निकाली। ग्रामीणों द्वारा सोमवार को डीजे एवं बाजे गाजे के साथ गलियों में रैली निकाल कर जश्न मनाया। घर पहुंचने पर आरती एवं अबीर गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच श्यामा बाई मारकंडेय ने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि शासन की योजनाओं को जनता तक



पहुंचना एवं विकासकार्य करना मेरी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर पंच डामिन साहू, देवनतिन मंडावी, शकुन बाई साहू, टोमन चंद्रवंशी, मनोज बंजारे, मानक मारकंडेय, नीलकमल सहित अन्य पंच व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जनपद व जिपं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्वाचन की सूचना 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन एवं निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन एवं प्रथम सम्मिलन आयोजन की समय–सारणी जारी कर दी है।

जनपद पंचायत के सदस्यों के निर्वाचन के प्रकाशन की अधिसूचना जारी करने एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु निर्वाचित सदस्यों को सूचना जारी करने की तिथि 27 फरवरी 2025 को निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु सम्मिलन तथा जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के प्रकाशन की अधिसूचना जारी करने एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों को जनपद पंचायत के प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी करने की तिथि 04 मार्च निर्धारित की गई है। इसके साथ ही जनपद पंचायत के प्रथम सम्मिलन (विशेष) का आयोजन 07 मार्च 2025 को किया जाएगा।

इसी तरह जिला पंचायत के सदस्यों के निर्वाचन के प्रकाशन की अधिसूचना जारी करने एवं जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु निर्वाचित सदस्यों को सूचना जारी करने की तिथि 27 फरवरी 2025 को निर्धारित की गई है। जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु सम्मिलन तथा जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के प्रकाशन की अधिसूचना जारी करने तथा जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों को जिला पंचायत के प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी करने की तिथि 05 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। जिला पंचायत के प्रथम सम्मिलन (विशेष) का आयोजन 10 मार्च 2025 को किया जाएगा।



## एनएसएस शिविर में स्वास्थ्य व स्वच्छता पर की गई चर्चा

**अंडा।** राष्ट्रीय सेवा योजना बीआईटी दुर्ग द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर केंद्रित कई गतिविधियाँ संपन्न हुईं। शिविर का संचालन डॉ. अरुण अरोड़ा, प्राचार्य, बीआईटी दुर्ग के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी और अभिजीत लाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा, डॉ मुकेश चंद्राकर,सहायक प्राध्यापक, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने भी इस शिविर में योगदान दिया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। डॉ. विनीता अभिषेक गुप्ता एवं डॉ. श्वेता खरया ने छात्राओं को सैनिटरी पैड वितरित किए। इसके अलावा, दुर्ग मेडिकल हॉस्पिटल टीम द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच करवाई।

## चुनाव के बाद फिर शुरू हुआ साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन



**बालोद।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन मंगलवार से नियमित रूप से प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुँचे लोगों के समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम गिधवा के ग्रामीणों ने अपने गांव में कोटवार नियुक्त करने की मांग की। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कसहीकला के किसान कवल सिंह ने किसान सम्मान निधि की किश्त की राशि दिलाने की मांग की।

# अपनी आत्मा को गुणवान बनाएं, निश्चित ही आत्मकल्याण होगा : महासती श्रुतशिलाश्रीजी मसा

### नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण में दिव्य प्रवचनों की श्रृंखला जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण के सभागार में मंगलवार को जैन आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा की सुशिष्या महासती श्रुतशिलाश्रीजी मसा ने अपने आध्यात्मिक व दिव्य प्रवचनों की श्रृंखला में कहा कि व्यक्ति के जीवन में पुण्यवानी का बड़ा ही महत्वपूर्ण स्थान होता है। पुण्यवानी को बिना परिवार पत्नी बच्चे माता पिता आदि प्राप्त होते हैं। उत्कृष्ट पुण्यवानी के चलते व्यक्ति को उत्कृष्ट परिवार आदि सुख संसाधन के साधन मिलते हैं व व्यक्ति उस परिवार व सुख संसाधन के योगों का अच्छे से उपयोग करता है। महासती जी ने कहा कि व्यक्ति उत्कृष्ट पुण्यवानी के चलते सुख सुविधा का उपभोग करता है, परन्तु कभी यह चिंतन भी चलना चाहिए कि पूर्व कर्म कृत अच्छे पुण्यवानी के चलते यह सब मिला तो है वही आगे भी इस तरह उत्कृष्ट पुण्यवानी का अर्जन हो। पुण्यवानी से भाग्य आगे से आगे चलता रहता है व मदद के लिए सैकड़ों हाथ भी मदद के लिए आगे आ जाते हैं।

पुण्यवानी फाइव स्टार होटल के समान है जहाँ व्यक्ति सारे सुख सुविधा को प्राप्त करता है वही पुण्यवानी पावरहाउस के समान है जहां से सुख की सारी लाइट जगमगा सकती है। बिना पुण्यवानी के कुछ भी नहीं है। व्यक्ति को जो भी मिला है वह उसके पुण्यवानी के चलते ही है। यह अच्छा व स्वस्थ शरीर भी पुण्यवानी से ही प्राप्त हुआ है। इसी शरीर के माध्यम से धर्म आराधना साधना आदि करते हैं। पुण्यवानी को कैसे बांधना व कैसे बांध रहे हैं इस पर चिंतन चलना चाहिए। महासती प्रतिक्षाश्रीजी मसा ने कहा कि गुणवान व्यक्ति निश्चित ही पुण्यवान बन सकता है परन्तु यह जरूरी नहीं कि पुण्यवान व्यक्ति गुणवान बन जाए। अपने मालिक के साथ हवाई यात्रा करने वाला छोटा सा पिल्ला भी पुण्यवान हो सकता है कि उसे हवाई यात्रा का योग प्राप्त हो रहा, परन्तु यह जरूरी नहीं कि वह गुणवान भी है। वहीं, माता पिता की सच्ची सेवा करने वाला भले ही पुण्यवान न हो पर गुणवान जरूर है और वही गुणवान व्यक्ति पुण्यवान भी बन सकता है।

अपने भीतर चेक करें व चिंतन करें कि वास्तविकता में मैं गुणवान हूँ कि नहीं। गुणवान व्यक्ति के अंदर नम्रता सहनशीलता विवेक आदि गुण भरे होते हैं। उन्होंने कहा कि अपने आत्म गुणों को बढ़ाएं। आत्मा को गुणवान बनाएं, निश्चित ही आत्मकल्याण होगा।



